# FORM NO. III

## फर्द अहकम

नियम 26

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा,राजस्थान

नानालाल ........ बनाम ........ दीपक

किस्म मुकदमा/धारा:– 111-128

प्रकरण संख्या 69/2026 जी.सी.एम.एस. नम्बर:– ........

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 9/04/2026 | प्रार्थना–पत्र नियमानुसार संलग्न दस्तावेजों एवं न्यायालय शुल्क के साथ न्यायालय क्षेत्राधिकार में पेश हुआ। पत्रावली की नियमानुसार जांच कर दर्ज रजिस्टर किया गया। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में विपक्षीगणों की तलबी जरिये सम्मन मय नकल प्रार्थना–पत्र, विपक्षीगणों को भेजी जावें। पत्रावली आगामी पेशी दिनांक 15/4/2026 को वास्ते इन्तजार तामील/तलबी रिपोर्ट पेश हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला भीलवाड़ा | |
| 15/4/2026 | पत्रावली पेश हुई। समस्त विपक्षीगणों की बाद तामील प्राप्त हुई जिसे संलग्न पत्रावली किया गया। समस्त विपक्षीगणों को 3-बार आवाज लगाई गई, परन्तु कोई उपस्थित नहीं हुआ। समस्त विपक्षीगणों के विरुद्ध एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली मे आदेश पारित किए गए। पत्रावली मे आदेश पालनार्थ तहसीलदार बिजोलियां को लिखा जावें। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला–भीलवाड़ा<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 6/2026                                   तारीख - 8/4/26

01. नानालाल पुत्र भंवरलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
02. मनोज कुमार पुत्र छितरलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

............प्रार्थीगण

**बनाम**

01. दीपक पिता शान्तिलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
02. किरण पत्नि बबलू जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
03. दिनेश पिता कृष्णगोपाल जाति शर्मा उम्र वयस्क निवासी पुरोहितो का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
04. शंकर पिता कजोड जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

.............विपक्षीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

**–: आदेश :–**                                   दिनांक - 15/4/26

प्रार्थना पत्र नानालाल पुत्र भंवरलाल, मनोज कुमार पुत्र छितरलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0) ने जरिये अभिभाषक **श्री पिंकोश धाकड** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा पुरोहितो का खेडा पटवार हल्का उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में आराजी संख्या 481 रकबा 0.3561 हैक्टेयर भूमि** पर विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2074–2077 के अवलोकन से प्रार्थीगण वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **उमाजी का खेडा** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस नियमानुसार वक्त मौका प्रार्थी अदा करें।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा पुरोहितो का खेडा पटवार हल्का उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में आराजी संख्या 481 रकबा 0.3561 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।
आदेश सुनाया गया

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा
सत्यमेव जयते

**उपखण्ड अधिकारी**
**बिजौलियाँ**

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या – 69/2026

दी. तारीख - 8/4/26
नि. तारीख - 15/4/26

प्रेषिति :–

तहसीलदार
बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या ......69......../ ..26..... पत्थरगढ़ी बाबत्।

01. नानालाल पुत्र भंवरलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
02. मनोज कुमार पुत्र छितरलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

............प्रार्थीगण

**बनाम**

01. दीपक पिता शान्तिलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
02. किरण पत्नि बबलू जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
03. दिनेश पिता कृष्णगोपाल जाति शर्मा उम्र वयस्क निवासी पुरोहितो का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
04. शंकर पिता कजोड जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

.............विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मैं आदेश होकर लेख है कि **मौजा पुरोहितो का खेडा पटवार हल्का उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में आराजी संख्या 481 रकबा 0.3561 हैक्टेयर भूमि** की बशामलात पडौसीयान को सुचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक **उमाजी का खेडा** को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस वक्त मौका प्रार्थी अदा करे।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा
सत्यमेव जयते

**उपखण्ड अधिकारी**
**बिजौलियाँ**